मार्गदर्शन

राजकीय आईटीआई में आयोजित किया गया कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम

# छात्रों को दी स्वरोजगार के बारे में जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी



साढौरा आईटीआई में स्वयंसेवक को सम्मानित करते प्रितेश कुमार जवेरी। संवाद

**साढौरा।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राजकीय आईटीआई में आयोजित कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में छात्रों को युवा प्रशिक्षण और स्वरोजगार के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी प्रितेश कुमार जवेरी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन ग्रामीण युवा विकास मंडल के राष्ट्रीय स्वयंसेवक नीरू रानी व राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभिन्न विभागों से चार वक्ता मौजूद रहे। जिन में से राजकीय आईटीआई के प्रशिक्षक पवन कुमार ने युवा प्रशिक्षण व स्वरोजगार की जानकारी दी।

प्रधानाचार्य कृष्णलाल ने शिक्षा व व्यवसाय के सामंजस्य व नेहरू युवा केंद्र से जुड़ने के लाभ की जानकारी दी। वहीं साढौरा के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मंगत राम ने कौशल विकास से जीवन विकास विषय के बारे में बताया। कार्यक्रम के समन्वयक सतपाल शर्मा ने युवा जीवन में योग की आवश्यकता व उसके लाभ एवं व्यावसायिक शिक्षा के बारे विस्तार से जानकारी दी।

जिला युवा अधिकारी प्रितेश कुमार जवेरी ने रोजगार संबंधित विभिन्न आयामों एवं कौशल विकास से स्वरोजगार तथा बैंक मित्र योजना के बारे में बताया।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलवाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक नीरू ने कहा कि इस प्रकार से आयोजनों से युवा वर्ग बेहद लाभान्वित होता है। युवा इंतजार खान, मीनू, लक्ष्मी व मीनू बक्शी ने कहा उन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से नई जानकारियां प्राप्त हुई हैं जोकि उन्हें भविष्य में रास्ता दिखाने में उपयोगी होंगी।

---

दैनिक भास्कर

यमुनानगर भास्कर 24-02-2022

# आईटीआई में की कॅरियर परामर्श कार्यशाला

**साढौरा ।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र ने आईटीआई में कॅरियर परामर्श एवं कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला की गई। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी प्रितेश जवेरी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार कॅरियर का चयन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण युवा विकास मंडल की स्वयंसेवक नीरू व राजीव ने किया। इस दौरान आईटीआई के प्रशिक्षक पवन ने युवा प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार बारे बताया। कृष्ण लाल ने शिक्षा एवं व्यवसाय के सामंजस्य बारे बताया। मंगत राम सैनी ने कौशल विकास से जीवन विकास विषय बारे बताया। मौके पर इंतजार खान, मीनू, लक्ष्मी एवं मीनू बख्शी उपस्थित रहे।

---

# नौकरी के लिए साक्षात्कार कराया

**साढौरा।** राजकीय आईटीआई में वीरवार को टर्नर, फीटर ट्रेड के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का नौकरी के लिए साक्षात्कार कराया गया। मैसर्ज ऐलीना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड मोहाली के एचआर मैनेजर धर्मेंद्र वशिष्ठ ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। प्लेसमेंट में आईटीआई संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों के लगभग 50 छात्रों ने हिस्सा लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा कैंपस में साक्षात्कार का आयोजन कराया गया। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आईटीआई कोर्स के बाद शत प्रतिशत अप्रेंटिसशिप और जॉब ऑफर उपलब्ध करवाना है। इस दौरान कर्ण सिंह मान, रविंद्र कुमार, अरविंद कुमार व सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे। संवाद

# यातायात दायित्वों का निर्वहन करें विद्यार्थी

## अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से राजकीय आईटीआई में पुलिस पाठशाला आयोजन, मोबाइल एप की जानकारी दी



विद्यार्थियों को पुलिस के मोबाइल एप के बारे में जानकारी देते डीएसपी आशीष चौधरी। संवाद



अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस पाठशाला कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। संवाद




संवाद न्यूज एजेंसी

**साढौरा।** अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से बुधवार को राजकीय आईटीआई में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे बिलासपुर डीएसपी आशीष चौधरी ने विद्यार्थियों को कानून के साथ ही यातायात दायित्वों का पूरा करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि यातायात यातायात नियमों का पालन न करने वाला अपने और दूसरों के लिए खतरा बन रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नशा मुक्ति अभियान, रोड सेफ्टी, कानून के दायरे में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की जरूरत पर जोर दिया।

चौधरी ने कहा कि सड़क पर चलते समय हमें सतर्क रहना चाहिए। नियमों का पालन नहीं करने वाला अपने ही नहीं दूसरों के जीवन के लिए भी खतरा साबित हो रहा है। मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन करते हुए कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसलिए 18 वर्ष से पहले बगैर लाइसेंस वाहन न चलाएं। लर्निंग लाइसेंस केवल वाहन सीखने के लिए होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशे के सेवन का प्रचलन बढ़ रहा है, जो चिंता का विषय है।

डीएसपी ने कहा कि यमुनानगर को नशा मुक्त बनाने के लिए युवाओं में नशे के खिलाफ जागरुकता लाना जरूरी है। जागरूक रहकर ही युवा नशे से दूर रह सकते हैं। इसमें आम लोगों को पुलिस का सहयोग करना होगा।

पुलिस प्रशासन द्वारा यमुनानगर में समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से एक नशा विरोधी मुहिम चलाई जा रही है जिसमें हम अब तक बहुत से बच्चों को नशे की लत छुड़वाने में कामयाब हुए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रति लोगों के नकारात्मक विचार होते हैं। मगर पुलिस भी वैसे ही होती है जैसा वहां का समाज होता है। इसलिए एक बेहतर समाज का निर्माण करें। इस दौरान उन्होंने पुलिस के मोबाइल एप के बारे में भी जानकारी दी।



राजकीय आईटीआई में पुलिस की पाठशाला में उपस्थित छात्र। संवाद

### दोपहिया वाहन चलाते समय जरूर पहने हेलमेट



“ रोड सेफ्टी काउंसिल सदस्य वकील सुशील आर्य ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय यातायात के नियमों की पालना करना जरूरी है। इस दौरान सिर पर हेलमेट होना आवश्यक है तथा चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व निर्धारित सीमा में ही वाहन को चलाएं। हमारे देश में हत्या से ज्यादा मौतें सड़क दुर्घटना में होती हैं। पुलिस अभियान भी चला रही है, उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी संकल्प लें कि सभी एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करेंगे।

### अभियान से विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी



“ आईटीआई प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा ने अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा चलाए गए पुलिस की पाठशाला को सराहा है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान का बेहतर अभियान है। इससे जनता और पुलिस के बीच की कड़ी खत्म होगी। लोगों को अभियान से काफी कुछ सीखने के लिए मिलेगा साथ ही विद्यार्थियों को भी एक नई दिशा मिलेगी।

**DATE:- 13.05.2022**

# आईटीआई साढ़ौरा में तकनीकी दिवस मनाया

**साढ़ौरा।** हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, हरियाणा सरकार, पंचकूला के निदेर्शानुसार आई टी आई में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-2022 धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के मध्य गोष्ठी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को संस्थान के प्रधानाचार्य व कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के तौर पर आमन्त्रित मुख्य अतिथि, जगमोहन सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय आई0टी0आई0, कुरूक्षेत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को टैक्नोलॉजी की महत्वता के बारे में जानकारी दी व टैक्नोलॉजी के सदुपयोग बारे संदेश दिया। प्रधानाचार्य अशवनी शर्मा ने बताया कि संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों व प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के मोटिवेशन व उत्साहवर्धन हेतू समाज सेवी सुमंत जैन, पवन कुमार सैनी, सदस्य जिला कष्ट निवारण समिति, यमुनानगर द्वारा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की गई।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वरिष्ठ वर्ग पवन कुमार द्वारा प्रोग्राम कोऑरडीनेटर के तौर पर भूमिका निभाई व राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की महत्वता बताते हुए इस कार्यक्रम का पूर्ण संचालन किया। अंत में अश्वनी कुमार द्वारा कार्यक्रम में आमन्त्रित मुख्य अतिथि व सभी विशिष्ट अतिथियों का कार्यक्रम में समय देने का धन्यवाद किया व साथ ही सभी स्टाफ सदस्यों व प्रशिक्षणार्थियों को इस विशेष दिन की शुभकामनायें दी तथा साथ ही सभी प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत होने पर बधाई दी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया।

# विद्यार्थी नशे से दूर रहकर करें रोकथाम में सहयोग : अशोक



आइटीआइ के विद्यार्थी व स्टाफ नशे से दूर रहने की शपथ ग्रहण करते हुए। ● जागरण

**संवाद सहयोगी, साढौरा:** अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए विद्यार्थियों को न केवल नशे से दूर रहना होगा तो साथ ही समाज में नशे पर रोकथाम के लिए सहयोग करना होगा। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के उपनिरीक्षक डा.अशोक वर्मा ने आइटीआइ के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नशे पर रोकथाम के लिए समाज को जागरूक करने के अलावा नशे का कारोबार करने वालों को पकड़वाने में सरकार की मदद करनी चाहिए। इसके लिए उनका नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने सरकार तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों बारे विद्यार्थियों को अवगत करवाया। इस दौरान विद्यार्थियों व स्टाफ को नशे से दूर रहने की शपथ ग्रहण करवाई गई। मौके पर प्रधानाचार्य अश्वनी, पवन, कर्मचंद, राजेंद्र, रविंद्र, कर्ण सिंह मान, सतीश, अरविंद, जयभगवान, प्रदीप पन्नु, मधु सैनी, शैली शर्मा व रानी भी उपस्थित थी।

---

**जागरण संवाददाता, यमुनानगर :** तकनीकी क्षेत्र में दक्ष होने की चाह रखने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। वह भी दाखिला लेने के लिए तैयार रहें। क्योंकि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से संस्थानों में दाखिले के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके तहत विभाग की वेबसाइट पर 30 जुलाई से 16 अगस्त तक इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। दाखिले से संबंधित निर्देश, संस्थानों की सूची, सीटों की सूचना वेबसाइट पर ही उपलब्ध करवाई जाएगी। मेरिट लिस्ट व सीट अलाटमेंट जारी होने व अन्य दाखिला कार्यक्रम भी वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे। इसलिए विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें ताकि उन्हें दाखिले से संबंधित संपूर्ण जानकारी मिलती रहे। जिले में छह सरकारी व 13 निजी आइटीआइ संस्थान हैं। इनमें सरकारी में 2200 व निजी में 1000 सीटें हैं।

**संस्थान में पहुंच रहे विद्यार्थी, आनलाइन होगी प्रक्रिया :** विद्यार्थियों को जब से यह सूचना मिली है तब से संस्थानों में पहुंच कर दाखिला प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेजों की जानकारी जुटा रहे हैं, ताकि दाखिले के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। हालांकि दाखिले के लिए आवेदन आनलाइन होंगे। आइटीआइ में दाखिला की प्रक्रिया को लेकर तैयारियां जरूर शुरू कर दी गई हैं। बता दें कि हरियाणा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में जिले से करीब 13 हजार और बारहवीं में 11 हजार बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

**मिशन एडमिशन**



मुख्यालय की ओर से दाखिला प्रक्रिया हेतु सूचना प्राप्त हुई है। जिसके तहत विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट पर 30 जुलाई से 16 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी अपने दस्तावेज तैयार रखें ताकि दाखिले के समय कोई दिक्कत न हो।

**अश्वनी कुमार**, प्रिंसिपल राजकीय आइटीआइ साढौरा

# आइटीआइ के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा




तिरंगा यात्रा निकालते आइटीआइ के विद्यार्थी। ● जागरण

**संवाद सहयोगी, साढौरा :** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा का आह्वान करते हुए राजकीय आइटीआइ के विद्यार्थियों व स्टाफ ने सोमवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सुमित जैन, पवन सैनी व मुकेश गर्ग ने किया। प्राचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि संस्थान से शुरू होकर तिरंगा यात्रा बाजार व चौराहों से होती हुई वापस संस्थान पर संपन्न हुई।

तिरंगा यात्रा के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों व स्टाफ द्वारा भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारे लगाए गए। इसके बाद रंगोली, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर पवन, विरेंद्र गर्ग, रविन्द्र, अरविंद व सतीश भी उपस्थित थे।

# तकनीकी शिक्षा में दक्ष होंगे युवा, साथ ही फ्री में बनेगा पासपोर्ट

नरेंद्र शर्मा ● यमुनानगर

आइटीआइ में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी है। प्रदेश के होनहार आइटीआइ में पढ़ कर तकनीकी शिक्षा में तो दक्ष होंगे ही साथ ही उन्हें फ्री में पासपोर्ट की सुविधा भी मिलेगी।

दरअसल, पासपोर्ट बनवाने में खर्च होने वाली राशि उन्हें विभाग की ओर से वापस दी जाएगी। इसको लेकर कौशल एवं विकास औद्योगिक प्रशिक्षण के महानिदेशक की तरफ से प्रदेश भर की राजकीय आइटीआइ के मुखियाओं को पत्र जारी कर दिया गया है।

जिसमें उनकी ओर से कहा गया है कि आइटीआइ में प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क पासपोर्ट की सुविधा के बारे में अवगत करवाया जाए। पासपोर्ट बनवाने की व्यवस्था में खर्च होने वाली 15 सौ रुपये की राशि पासपोर्ट बनने के बाद विभाग उनको वापस देगा। यह राशि स्किल डेवेलपमेंट एंड इंडस्ट्रीयल इस्टाबलिशमेंट एक्सपेंसिज व स्किल ट्रेनिंग फार एससी स्टूडेंटस इस्टाबलिशमेंट एक्सपेंसिज योजना के तहत दी जाएगी। इसके लिए विद्यार्थी को अपने संस्थान में फार्म भर कर जमा करवाना होगा। यह सुविधा केवल राजकीय आइटीआइ में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के लिए है।



राजकीय आइटीआइ के भवन का बाहरी दृश्य। ● इंटरनेट मीडिया।

### विद्यार्थी को हर तरीके से कराएं अवगत

पत्र में सभी प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया है कि निशुल्क पासपोर्ट बनने की जानकारी विद्यार्थी को मार्निंग एसेंबली, संस्थान के नोटिस बोर्ड और संबंधित व्यवसाय के अनुदेशकों के माध्यम से भी उपलब्ध करवाई जाए। वहीं, उनकी यह जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की गई है कि आवेदन करने से पहले जांच लें कि आवेदनकर्ता ये सभी शर्तें पूरी करता हो।

### ये नियम करने होंगे पूरे

- उम्मीदवार हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए या राज्य के किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से 10वीं कक्षा पास की होनी चाहिए।
- कोर्स के दौरान उम्मीदवार की कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए।
- संबंधित संस्थान की ओर से उसे परीक्षा में बैठने के लिए प्रवेश पत्र जारी किया जाना चाहिए।
- उम्मीदवार सभी थ्यूरी व प्रैक्टिकल परीक्षाओं में उपस्थित होना चाहिए।
- उसके पास पहले से ही पासपोर्ट नहीं होना चाहिए।
- राजकीय आइटीआइ में दाखिला लेने के बाद ही उसने आवेदन किया हो।
- इनके अलावा फाइनल परीक्षा से तीन माह पहले आवेदन करना अनिवार्य है।



मुख्यालय की ओर से राजकीय संस्थान में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क पासपोर्ट की सुविधा मिलने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है। इसमें पासपोर्ट में खर्च होने वाली राशि बच्चों को विभाग की ओर से वापस दी जाएगी। जिसके बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया जा रहा है। वहीं, नोटिस बोर्ड पर पत्र को चस्पा किया गया है।

**अश्वनी कुमार**, प्रधानाचार्य राजकीय आइटीआइ साढौरा